18 6.3.4 व 6.5.4 45

कार्यालय प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी(राज.)

Tel/ Fax No. 0747-2443477 Email-id ggcbnd95@gmail.com

क्रमांकः–GGCBND/LIB /

दिनांकः–11.02.2017

वार्षिक–प्रतिवेदन 2016–17

मॉ शारदा के मंदिर में मैं आप सभी महानुभवों का हार्दिक स्वागत करता हूँ। महाविद्यालय का शैक्षणिक सत्र 01 जुलाई, 2017 से नूतन छात्राओं के स्वागत के साथ प्रारम्भ हुआ था। महाविद्यालय में कला संकाय मे 04 और वाणिज्य संकाय में 01 सेक्शन आयुक्तालय द्वारा स्वीकृत हैं। इस वर्ष दोनों संकाय में महाविद्यालय में कुल 1224 छात्राऐं अध्ययनरत है।

प्रवेश प्रक्रिया के सफलता पूर्वक समापन के बाद 24 अगस्त, 2016 को महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये गये। जिसमें पूजा रानी को अध्यक्ष, निकिता मीणा, उपाध्यक्ष ,किस्मत चौधरी, महासचिव और ज्योति रैगर ,संयुक्त सचिव पद पर निर्वाचित हुई।

अध्ययन अध्यापन के साथ ही महाविद्यालय में सह–शैक्षणिक गतिविधियों का विभिन्न प्रकोष्ठों के द्वारा संचालन किया जाता हैं।

छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिये महाविद्यालय में NSS, YDC, रेड रिबन, महिला प्रकोष्ठ एवं स्काउट रेंजरिंग आदि प्रमुख प्रकोष्ठों द्वारा समय–समय पर केन्द्र एवं राज्य सरकार, द्वारा आदेशित किये जाने वाले सामाजिक, आर्थिक, वित्तीय, विधिक,

6.3.4 / 6.5.4

स्वास्थ्य शिक्षा, साक्षरता, मतदान, स्वच्छता, मानवाधिकार, जल संरक्षण, वृक्षा रोपण एवं रक्तदान महादान जैसे जनजागरुक अभियानों का प्रचार–प्रसार हेतु–रैली, नुक्कड नाटक, आशुभाषण, नारे, पोस्टर, निबंध एवं कविता लेखन आदि विभिन्न प्रतियोगितायें करवाई गई हैं

सहशैक्षणिक गतिविधियों के तहत ''सरगम 2016–17'' नाम से सांस्कृतिक सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खेल–कूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता प्रतिभावान छात्राओं को आज पारितोषिक वितरण किया जा रहा हैं।

महाविद्यालय में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छात्राओं को छात्रवृति एवं स्कूटी वितरण योजाना का संचालन किया जा रहा हैं।

इस महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,(UGC)के द्वारा वर्ष 2016–17 में 10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ हैं जिसे महाविद्यालय के विकास हेतु निर्धारित मदों पर व्यय कर दिया गया हैं।

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, (RUSA) के तहत वर्ष 2015–16 की अनुदान राशि प्रथम किश्त 1 करोड़ रुपये प्राप्त हुये जिसमें से 70 लाख रुपये सार्वजनिक निर्माण विभाग,(PWD) बून्दी,

6.3.4 / 6.5.4

को 35 लाख रुपये 3 कक्षा–कक्षों के नवनिर्माण एवं 35 लाख रुपये जीर्णोद्वार एवं मरम्मत हेतु दिये गये। 30 लाख रुपये, फर्नीचर, कम्प्यूटरीकृत लाइब्रेरी, बुक्स, जनरल्स एवं भूगोल तथा गृह विज्ञान प्रयोगशाला उपकरण के क्रय करने हतु व्यय किये गये।

श्री श्री 1008 श्री बजरंगदास जी महाराज, ''लाल लंगोट वाले बाबा'' द्वारा चलाई जा रही संस्था''श्री बजरंग जन कल्याण एवं आध्यात्मिक समिति ,बून्दी'' की ओर से आशीर्वाद एवं दान स्वरुप 3 कक्षा–कक्षों का निमार्ण कार्य रुसा द्वारा बनाये गये तीन कक्षा–कक्षों के ऊपर प्रथम मंलिज मंजिल पर करवाया जा रहा हैं।

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल, (IQAC) के तहत वर्ष 2016–17 के लिय 2लाख,52 हजार रुपये प्राप्त हुये हैं जिसे महाविद्यालय में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यो की गुणवत्ता की निगरानी करने हेतु व्यय किये जा रहे हैं।

महाविद्यालय से प्रति वर्ष अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण की सांख्यिकी सूचनाऐं मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर एवं सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी ,बून्दी को भेजी जाती हैं।

1.3.4

6.3.4 / 6.5.4

महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत 24 जनवरी, 2017 को छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह का विधिवत आयोजन किया गया। इसी क्रम आज दिनांक 11 फरवरी, 2017 को यह पुरस्कार वितरण समारोह अपके समक्ष सम्पन्न हो रहा हैं जिसमें उन सभी छात्राओं को पुरस्कृत करते हुये गौरान्वित महसूस कर रहे हैं, जिन्होंने वर्ष पर्यन्त विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं उन सभी छात्राओं को शुभकामनाऐं जिन्होंने सभी गतिविधियों में भाग लिया और उन सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई जिन्होंने प्रतियोगिताओं में अपने स्थान बनाये हैं। और आशा करता हूँ कि आने वाले समय में हमारी छात्राऐं देश और समाज में अपना नाम रोशन करेंगीं।

अंत में महाविद्यालय की ओर से आप सभी महानुभावों का तहदिल से आभार व्यक्त करता हूँ जो यहॉ समय निकाल कर पधारे और कार्यक्रम की शोभा बढाई। मैं यह आशा करता हूँ कि यह महाविद्यालय नित नई ऊँचाईयों छूऐं और प्रतिफल विकास की ओर अग्रसर रहें।

जय हिन्द!

जय भारत!!

(1) महाविद्यालय को स्नातकोत्तर का दर्जा, कोटा, बूंदी झालावाड़
(2) महाविद्यालय के मुख्य दरवाजे व पीछे के दरवाजे पर गंदगी
(3) महाविद्यालय में प्रयोगशाला के लिए एक 30x40 का कमरा मय बरामदे के बनवाने बाबत।